हरियाणा के 3 खिलाड़ियों का राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2023 के लिए हुआ चयन

चर्चा में क्यों?

21 दिसंबर 2023 को हरियाणा के सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हरियाणा के तीन खिलाड़ियों को राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2023 के अंतरगत हरियाणा की गोल्फ खिलाड़ी दीक्षा डागर का चयन अर्जुन अवार्ड के लिए हुआ है।
- राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2023 के अंतरगत कुश्ती में सुनील कुमार और अंतिम पंघाल को अर्जुन पुरस्कार मिलेगा।
- इसके साथ ही कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को मौलाना अबुल कलाम आज़ाद (एमएकेए) ट्रॉफी 2023 का द्वितीय उपविजेता घोषित किया गया है।
- विदित हो कि खेलों में उत्कृष्टता को पहचानने और सम्मानित करने के लिए प्रतिवर्ष युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय खेल पुरस्कार दिए जाते हैं।
- वर्ष 2023 के लिए 2 खिलाड़ियों को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार 2023 और 26 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार 2023 दिया जाएगा। जबकि 5 प्रशिक्षकों को द्रोणाचार्य पुरस्कार मिलेगा।
- इसके साथ ही साथ खेल और खेलों में जीवन पर्यंत उपलब्धि के लिए तीन खिलाड़ियों को ध्यानचंद पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया जाएगा।
- यह सभी राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 9 जनवरी 2024 को राष्ट्रपति भवन में एक विशेष रूप से आयोजित समारोह में भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किये जाएंगे।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/3-players-from-haryana-selected-for-national-sports-award-2023